## दिनांक 29.06.2024 को उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, आत्मा चतरा की अध्यक्षता में 'आत्मा शासकीय निकाय की बैठक'' की कार्यवाही :–

उपस्थिति– पंजी में संधारित।

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का परियोजना निदेशक, आत्मा चतरा द्वारा हार्दिक अभिनंदन करते हुए आत्मा का परिचय एवं बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित सभी माननीय सदस्यों की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

परियोजना निदेशक, चतरा के द्वारा बताया गया कि वर्ष 2023–24 में 233.20268 लाख रू0 का कार्ययोजना जिला को प्राप्त था। जिसके आलोक में कुल 218.79451 एवं वर्ष 2022–23 के देयता राशि 15.40451 लाख रू0 कुल 234.19992 लाख रू0 का आवंटन प्राप्त हुआ। प्राप्त आवंटन के विरूद्ध कुल 234.19907 लाख रू0 का व्यय किया गया। व्यय विवरणी निम्नवत् है :–

| Sl. No. | Indicative Activities | Unit Cost | Approved Target as per DEWP 2023-24 | | Achievement | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Phy (No.) | Fin (Lakhs) | Phy (No.) | Fin (Lakhs) |
| I | ***Farmer Oriented Activities*** | | | | | |
| B.1 | Developing SREP | 2.5000 | | | | |
| B.2 | **Training of farmers** | | | | | |
| ➡ | Inter State | 1.5600 | 1 | 1.56000 | 1 | 1.56000 |
| ➡ | Within State | 1.2500 | 1 | 1.25000 | 1 | 1.25000 |
| ➡ | Within District | 0.3600 | 8 | 2.88000 | 8 | 2.88000 |
| B.3 | ***Organization Demonstration*** | | | | | |
| ➡ | Agriculture | 0.040 | 24 | 0.96000 | 24 | 0.96000 |
| B.4 | ***Exposure Visit of farmer*** | | | | | |
| ➡ | Inter State | 2.000 | 1 | 2.00000 | 1 | 2.00000 |
| ➡ | Within State | 0.375 | 1 | 0.37500 | 1 | 0.37500 |
| ➡ | Within District | 0.090 | 6 | 0.54000 | 6 | 0.54000 |
| B.5 | ***Mobilization of Farmers Groups - FIG/WIG/FOs/COs/FCs*** | | | | | |
| a | Capacity Building, skill development & support services | 0.050 | 2 | 0.10000 | 2 | 0.10000 |
| b | Seed Money/revolving funds | 0.100 | | | | |
| c | Food security Group for women | 0.100 | 2 | 0.20000 | | |
| B.6 | Rewards/Incentives - Farmer groups | 0.200 | | | | |
| B.7 | Farmer Awards | 0.100 | | | | |
| II | ***Farm Information Dissemination*** | | | | | |
| B.8 | District Level Exibition/Kisan Mela/ Fruits/ Vegetable Shows | 4.000 | 1 | 4.00000 | 1 | 4.00000 |
| B.9 | Farm Information Dissemination through Social Media, Printed Leaflets etc and Local Advertisements | 0.200 | 2 | 0.40000 | 2 | 0.39814 |
| | Low Cost Publication (0.72 per block) | 0.720 | 1 | 0.72000 | 1 | 0.71207 |
| B.10 | Development of Tech. Package on E-Form to shared through IT newtwork. | 0.200 | 1 | 0.20000 | | |
| III. | ***Agriculture Technology Refinement, Validation and adoption*** | | | | | |
| B.11 | 1) Farmer Scientist Interaction at District Level | 0.200 | 2 | 0.40000 | 2 | 0.40000 |
| | 2) Designate Expert support from SAU/KVK at District Level | 0.2400 | | | | |
| | 3) Joint visit of scientist and extension worker | 0.2880 | | | | |
| B.12 | Organization of Kisan Ghosthies to strengthen Research- Extension-Farmer LINKAGES (1 per block in each of the 2 seasons) | 0.1500 | 12 | 1.80000 | 12 | 1.80000 |
| B.13 | Assessment, refinement, Validation and Adoption of Frontline Technologies & other shori term Researchable issues through through KVKs and other Local Research Centres. | | | | | |

| Sl. No. | Indicative Activities | Unit Cost | Approved Target as per DEWP 2023-24 | | Achievement | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Phy (No.) | Fin (Lakhs) | Phy (No.) | Fin (Lakhs) |
| IV | *Administrative/Capital expenses at District and Block Level* | | | | | |
| B.14 | **Recurring (Establishment of ATMA like institution)** | | | | | |
| a | TA/DA Operational expense | | | 1.00000 | | 0.99968 |
| b | Hiring of vechile/POL | | | 0.80000 | | 0.32750 |
| c | Operational expenses exclusively at block level (including hiring of vehicles & POL) | 0.3000 | | | | |
| d | Operational expense for DFAC meeting | 0.0500 | 4 | 0.20000 | | |
| e | Operational expense for BFAC meeting | 0.0250 | 6 | 0.15000 | | 0.15000 |
| | **Non Recurring** | | | | | |
| | a) Equipment (Computer etc) | | | | | |
| B.15 | **Farm School** | 0.29414 | 12 | 3.52968 | 12 | 3.52968 |
| D. | Innovative Activities-District Component (to be Approved from IDWG) | | | | | |
| D.1 | support for district level Training institutions-it may include both"Operational | 5.0000 | | | | |
| D.2 | Seeting up CRS (Capital Cost) | 14.5000 | | | | |
| D.3 | Farmer Friend at village level (50:50) | 0.1200 | 600 | 72.00000 | 545 | 65.25000 |
| | Farmer Friend at village level (50:50) **Liability 2022-23** | | | | | 8.82900 |
| F. | ITD Component (New initatives) | 0.0200 | | | | |
| a | Display Board at Panchayat/Prominent Places | 0.3780 | | | | |
| b | Pico/UL Projector | 0.0990 | | | | |
| c | Hand Held devices | | | | | |
| G.2 | **Establishment at district level** | | | | | |
| | ***Specialist & functionary support*** | | | | | |
| | a) Project Director ATMA | 14.8570 | | | | |
| | a) Deputy Project Director (ATMA) OLD | 9.1140 | | | | |
| | c) Accountant cum Clerk (9300-34800+4200) | 5.0940 | 1 | 5.09400 | | 5.09400 |
| | d) Computer Assistant/Programmer | 4.3620 | 1 | 4.36200 | | 4.36200 |
| G.3 | **Establishment at block level** | | | | | |
| | a) Support at block level-Block Technology Manager (BTM) | 5.1540 | 6 | 34.04400 | | 34.04400 |
| | c) Specialist Support at block level (ATM) | 4.1460 | 21 | 94.63800 | | 94.63800 |
| | | | Total | **233.20268** | | **234.19907** |

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों के द्वारा वर्ष 2023–24 में प्राप्त आवंटन के व्यय को घटकोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

**2)** परियोजना निदेशक के द्वारा बताया गया कि वर्ष 2024–25 हेतु चतरा जिला का कार्ययोजना राज्य स्तर से अनुमोदित होकर प्राप्त हुआ है, जो निम्नवत् हैः–

| Sl. No. | Indicative Activities | Unit Cost | Chatra (12) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | Phy (No.) | Fin (Lakhs) |
| I | ***Farmer Oriented Activities*** | | | |
| B.1 | Developing SREP | 2.500 | | |
| B.2 | **Training of farmers** | | | |
| | Inter State | 1.560 | 1 | 1.56000 |
| | Within State | 1.250 | 1 | 1.25000 |
| | Within District | 0.360 | 5 | 1.80000 |
| B.3 | ***Organization Demonstration*** | | | |
| | Agriculture | 0.040 | 44 | 1.76000 |
| | Allied Sector | 0.040 | 24 | 0.96000 |
| B.4 | ***Exposure Visit of farmer*** | | | |
| | Inter State | 2.000 | 1 | 2.00000 |
| | Within State | 0.375 | 3 | 1.12500 |
| | Within District | 0.090 | 3 | 0.27000 |
| B.5 | ***Mobilization of Farmers Groups - FIG/WIG/FOs/COs/FCs*** | | | |

| Sl. No. | Indicative Activities | Unit Cost | Chatra (12) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | Phy (No.) | Fin (Lakhs) |
| a | Capacity Building, skill development & support services | 0.050 | 12 | 0.60000 |
| b | Seed Money/revolving funds | 0.100 | 2 | 0.20000 |
| c | Food security Group for women | 0.100 | 2 | 0.20000 |
| B.6 | Rewards/Incentives - Farmer groups | 0.200 | | 0.00000 |
| B.7 | Farmer Awards | 0.100 | | 0.00000 |
| II | ***Farm Information Dissemination*** | | | |
| B.8 | District Level Exibition/Kisan Mela/ Fruits/ Vegetable Shows | 4.000 | 1 | 4.00000 |
| B.9 | Farm Information Dissemination through Social Media, Printed Leaflets etc and Local Advertisements | 0.200 | 6 | 1.20000 |
| | Low Cost Publication (0.72 per block) | 0.720 | 1 | 0.72000 |
| B.10 | Development of Tech. Package on E-Form to shared through IT newtwork. | 0.200 | 1 | 0.20000 |
| III. | ***Agriculture Technology Refinement, Validation and adoption*** | | | |
| B.11 | 1) Farmer Scientist Interaction at District Level | 0.200 | 1 | 0.20000 |
| | 2) Designate Expert support from SAU/KVK at District Level | 0.240 | 1 | 0.24000 |
| | 3) Joint visit of scientist and extension worker | 0.288 | 1 | 0.28800 |
| B.12 | Organization of Kisan Ghosthies to strengthen Research- Extension- Farmer LINDAGES (1 per block in each of the 2 seasons) | 0.150 | 12 | 1.80000 |
| B.13 | Assessment, refinement, Validation and Adoption of Frontline Technologies & other shori term Researchable issues through through KVKs and other Local Research Centres. | | | |
| IV | ***Administrative/Capital expenses at District and Block Level*** | | | |
| B.14 | **Recurring (Establishment of ATMA like institution)** | | | |
| a | TA/DA Operational expense | | | 0.50789 |
| b | Hiring of vechile/POL | | | 0.53000 |
| c | Operational expenses exclusively at block level (including hiring of vehicles & POL) | 0.300 | 1 | 0.30000 |
| d | Operational expense for DFAC meeting | 0.050 | | 0.00000 |
| e | Operational expense for BFAC meeting | 0.025 | | 0.00000 |
| | **Non Recurring** | | | |
| | a) Equipment (Computer etc) | | | |
| B.15 | **Farm School** | 0.29414 | 12 | 3.52968 |
| D. | Innovative Activities-District Component (to be Approved from IDWG) | | | |
| D.1 | support for district level Training institutions-it may include both"Operational | 5.000 | | |
| D.2 | Seeting up CRS (Capital Cost) | 14.500 | | |
| D.3 | Farmer Friend at village level (50:50) | 0.120 | 600 | 72.00000 |
| | Farmer Friend at village level (50:50) **Liability 2022-23** | | | |
| F. | ITD Component (New initatives) | 0.020 | | 0.00000 |
| a | Display Board at Panchayat/Prominent Places | 0.378 | | 0.00000 |
| b | Pico/UL Projector | 0.099 | | 0.00000 |
| c | Hand Held devices | | | |
| G.2 | **Establishment at district level** | | | |
| | ***Specialist & functionary support*** | | | |
| | a) Project Director ATMA | 16.604 | | |
| | a) Deputy Project Director (ATMA) | 9.618 | | 2.52000 |
| | c) Accountant cum Clerk (9300-34800+4200) | 5.364 | 1 | 5.36400 |
| | d) Computer Assistant/Programmer | 4.554 | 1 | 4.55400 |
| G.3 | **Establishment at block level** | | | |
| | a) Support at block level-Block Technology Manager (BTM) | 5.454 | 6 | 32.24400 |
| | b) Operational Expenses for BTM | 0.600 | 6 | 3.60000 |
| | c) Specialist Support at block level (ATM) | 4.398 | 21 | 89.85000 |
| | d) Operational Expenses for BTM (ATM) | 0.480 | 21 | 10.08000 |
| | | | **Total** | **245.45257** |

परियोजना निदेशक, आत्मा चतरा के द्वारा बताया गया कि कुल 245.45257 लाख रू0 का वार्षिक कार्ययोजना जिले को प्राप्त है, जिसे निम्न प्रकार से व्यय किया जाना है :–

1) **अन्तर्राज्य स्तरीय प्रशिक्षण** – परियोजना निदेशक के द्वारा बताया गया कि अन्तर्राज्य स्तर पर कुल 01 प्रशिक्षण कराने का लक्ष्य प्राप्त है। जिले के प्रमुख फसलों में टमाटर एवं शिमला मिर्च की खेती वृहत् पैमाने पर की जाती है। टमाटर फसल में मुख्य रूप से 'विल्ट (Wilt)' की समस्या आती है। इस समस्या से निवारण हेतु Grafted Tomato की खेती को बढ़ावा देने हेतु प्रशिक्षण आयोजन कराने हेतु अन्तर्राज्य स्तर पर प्रशिक्षण कराया जा सकता है। इस हेतु Indian Institute of Horticulture Research ICAR, रायपुर (छत्तीसगढ़) में कराया जा सकता है।

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, आत्मा चतरा के द्वारा निदेश दिया गया कि कृषको के इच्छा के अनुसार उनके द्वारा दिये गये सुझाव वाले संस्था में प्रशिक्षण कराया जाय।

जिस पर बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा सहमति प्रदान की गई।

2) **राज्य स्तरीय प्रशिक्षण** – परियोजना निदेशक के द्वारा बताया गया कि राज्य स्तर पर कुल 01 प्रशिक्षण कराया जाना है। जिसे राज्य स्तर पर राँची स्थित Harp Plandu में सब्जी की उन्नत खेती पर कराया जा सकता है।

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, आत्मा चतरा के द्वारा निदेश दिया गया कि वैसे कृषको का चयन करें जो सब्जी की अच्छी खेती वाला क्षेत्र हो।

जिस पर बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा सहमति प्रदान की गई।

3) **जिला स्तरीय प्रशिक्षण** – परियोजना निदेशक के द्वारा बताया गया कि जिला स्तरीय कुल 05 प्रशिक्षण कराया जाना है। जिसके तहत् खरीफ एवं रबी मौसम में किए जाने वाले खेती से संबंधित प्रशिक्षण कराया जाना है। जिसे कृषि विज्ञान केन्द्र, चतरा के वैज्ञानिक एवं आत्मा के सहयोग से कराया जा सकता है।

जिस पर बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा सहमति प्रदान की गई।

4) **प्रत्यक्षण** –

**क) कृषि** :– परियोजना निदेशक के द्वारा बताया गया कि वर्ष 2024–25 अन्तर्गत कृषि पर आधारित कुल 44 प्रत्यक्षण कराया जाना है। परियोजना निदेशक के द्वारा मौसमी सब्जी एवं Sweet Corn पर प्रत्यक्षण कराने हेतु प्रस्ताव रखा गया।

**ख) संबद्ध क्षेत्र** :– परियोजना निदेशक के द्वारा बताया गया कि वर्ष 2024–25 अन्तर्गत संबद्ध विभाग अन्तर्गत कुल 24 प्रत्यक्षण कराया जाना है। जिला पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा संबद्ध क्षेत्र हेतु लक्ष्य 24 में से Backyard Poultry Farm हेतु प्रत्यक्षण कराने हेतु प्रस्ताव रखा गया।

जिस पर बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा सहमति प्रदान की गई।

5) **अन्तर्राज्य स्तरीय परिभ्रमण** – परियोजना निदेशक के द्वारा बताया गया कि अन्तर्राज्य स्तर पर–01 परिभ्रमण कराया जाना है, जिसे राज्य के बाहर वैसे संस्थान/कृषक जो कृषि एवं संबद्ध विभाग के क्षेत्र में अच्छे कार्य कर रहे हैं, वहाँ भेज कर कृषकों को प्रोत्साहित किया जा सकता है। Indian Institute of Vegetable Research (IIVR), बनारस में कराया जा सकता है।

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, आत्मा चतरा के द्वारा निदेश दिया गया कि कृषको के इच्छा के अनुसार उनके द्वारा दिये गये सुझाव वाले संस्था में प्रशिक्षण कराया जाय।

जिस पर बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा सहमति प्रदान की गई।

6) <u>राज्य स्तरीय परिभ्रमण</u> – परियोजना निदेशक के द्वारा बताया गया कि राज्य स्तर पर – 03 परिभ्रमण कराया जाना है। परियोजना निदेशक के द्वारा बताया गया कि राँची के नगड़ी, गुमला जिले के रायडीह प्रखण्ड में 'प्रदान' संस्था द्वारा किये जा रहे उन्नत कृषि एवं राज्य स्तर पर आयोजित किसान मेला में चतरा जिले के कृषकों को परिभ्रमण कराया जा सकता है।

जिस पर बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा सहमति प्रदान की गई।

7) <u>जिला स्तरीय परिभ्रमण</u> – परियोजना निदेशक के द्वारा बताया गया कि जिला स्तर पर – 03 परिभ्रमण कराया जाना है, जिसमें जिले में उन्नत खेती कर रहे कृषको के यहाँ परिभ्रमण कराया जाता है।

जिस पर बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा सहमति प्रदान की गई।

8) **<u>Capacity Building</u>** – परियोजना निदेशक के द्वारा बताया गया कि जिले में कुल 12 कृषक अभिरूचि समूह का गठन कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र में जो कृषक कार्य कर रहे हैं, एक क्षेत्र के समूह का गठन किया जाना है, जिसे प्रत्येक प्रखण्ड में एक–एक समूह का गठन कृषि विज्ञान केन्द्र, चतरा के सहयोग से किया जा सकता है।

जिस पर बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा सहमति प्रदान की गई।

9) **<u>Seed Money & Revolving Fund</u>** – परियोजना निदेशक के द्वारा बताया गया कि जिले में कुल 02 कृषक अभिरूचि समूह/स्वयं सहायता समूह/महिला समूह जो अच्छे कार्य कर रहे हैं उन्हें कृषि के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने हेतु 10,000–10,000 रू0 निर्धारित समय के लिए दिया जाना है, जो समय उपरांत वापस लेकर दूसरे समूह को प्रोत्साहित करने हेतु दिया जायेगा।

जिस पर बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा सहमति प्रदान की गई।

10) **<u>Food Security Group for Women</u>** – परियोजना निदेशक के द्वारा बताया गया कि जिले में महिलाओं के लिए कुल 02 'खाद्य सुरक्षा समूह' का गठन किया जाना है। जिले कृषि विज्ञान केन्द्र, चतरा के सहयोग से वैसे महिला समूह का गठन किया जायेगा जो कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र में आत्म निर्भर बन सके। JSLPS से जुड़ी महिलाओं से सम्पर्क कर नए समूह का गठन हेतु प्रस्ताव दिया गया।

जिस पर बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा सहमति प्रदान की गई।

11) <u>किसान मेला</u> – परियोजना निदेशक के द्वारा बताया गया कि जिले में कुल चार लाख रू0 किसान मेला के आयोजन हेतु कार्ययोजना अनुमोदित है। जिला स्तर पर "किसान मेला–सह–फल, फूल प्रदर्शनी" का आयोजन आगामी माह में किये जाने पर प्रस्ताव रखा गया।

जिस पर बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा सहमति प्रदान की गई।

12) **<u>Farm Infomation Dissemination through Printed Leaflets etc</u>** – परियोजना निदेशक के द्वारा बताया गया इस मद में कुल 1.20 लाख रू0 अनुमोदित है, जिसे लीफलेट के माध्यम से कृषकों को उन्नत एवं नई तकनीक की जानकारी कृषको को दी जाती है। इस हेतु संबद्ध विभाग को भी किसान उपयोगी जानकारी उपलब्ध कराने हेतु तथ्य उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया ताकि मुद्रित कराकर कृषको के बीच उपलब्ध कराया जा सके।

जिस पर बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा सहमति प्रदान की गई।

NP

13) **Low Cost Publication** – परियोजना निदेशक के द्वारा बताया गया इस मद में कुल 0.72 लाख रू0 अनुमोदित है। कृषकों को उन्नत एवं नई तकनीक की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु कृषि एवं संबद्ध विभागों के पंपलेट को मुद्रित कराकर कृषको के बीच वितरित कराया जाना है।

जिस पर बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा सहमति प्रदान की गई।

14) **Developement of technology package on electronic form** – परियोजना निदेशक के द्वारा बताया गया कि इस मद में कुल 0.20 लाख रू0 अनुमोदित है, जिसके तहत् कुल 01 विडियो फिल्म का निर्माण किया जाना है। इस कार्यक्रम के तहत् जिले में आत्मा एवं अन्य संबद्ध विभागों के द्वारा अच्छे कार्य कर रहे हैं, कृषकों का सफलता की कहानी पर विडियो फिल्म तैयार किया जाना है जिसे कृषको को प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें दिखाया जाना है, ताकि उन्हें प्रोत्साहित किया जा सके।

जिस पर बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा सहमति प्रदान की गई।

15) **Farmer Scientist Interaction at District Level** – परियोजना निदेशक के द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम के तहत् कुल 01 'किसान वैज्ञानिक अन्तर्मिलन' कृषि विज्ञान केन्द्र, चतरा के सहयोग से किया जाना है।

जिस पर बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा सहमति प्रदान की गई।

16) **Designate expert support from KVK at District Level** – परियोजना निदेशक के द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम के तहत् कृषि विज्ञान केन्द्र के द्वारा नामित एक वैज्ञानिक को आत्मा कार्यालय में प्रतिनियुक्त किया जाना है, जो किसानों की समस्याओं का समाधान करते हैं। इसके तहत् उन्हें दो हजार रूपये प्रतिमाह Incentive दिया जाता है।

जिस पर बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा सहमति प्रदान की गई।

17) **Joint Visit by Scientist & Extension worker** – परियोजना निदेशक के द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम के तहत् कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक एवं आत्मा के प्रसार पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से क्षेत्र में प्रत्येक माह भ्रमण करेंगे एवं आत्मा के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं का मूल्यांकन करेंगे।

जिस पर बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा सहमति प्रदान की गई।

18) **किसान गोष्ठी** – परियोजना निदेशक के द्वारा बताया गया कि कुल 12 किसान गोष्ठी करने का लक्ष्य प्राप्त है। जिसे कृषकों के खेत (जहाँ फसल लगे रहते हैं) में B.T.M./A.T.M. के द्वारा कराया जाता है।

जिस पर बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा सहमति प्रदान की गई।

19) **कृषक पाठशाला** – परियोजना निदेशक के द्वारा बताया गया कि कुल 12 कृषक पाठशाला करने का लक्ष्य प्राप्त है। बैठक में प्रस्ताव दिया गया कि 06 पशुपालन एवं 06 कृषि से संबंधित फसल पर कृषक पाठशाला का संचालन कार्यालय द्वारा उपलब्ध विषय पर कराया जा सकता है।

जिस पर बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा सहमति प्रदान की गई।

20) **किसान मित्र** :– परियोजना निदेशक के द्वारा बताया गया कि जो कृषक मित्र की उम्र 60 वर्ष से अधिक हो गई है, उन्हें कार्यमुक्त करते हुए नये कृषक मित्र एवं प्रखण्डों में रिक्त ग्रामों के कृषक मित्रों का चयन नियमानुसार करने हेतु प्रस्ताव दिया गया।

जिस पर बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा सहमति प्रदान की गई।

21) आत्मा अन्तर्गत कार्यरत् प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक जो तीन वर्षो से एक ही प्रखण्ड में कार्यरत् हैं, सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के पत्रांक 1645 दिनांक 06.07.2022 के आलोक में स्थानांतरण किया जाना है।

जिस पर बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा सहमति प्रदान की गई।

22) आत्मा अन्तर्गत कार्यरत् कर्मियों का 10 प्रतिशत वार्षिक वेतन (मानदेय) वृद्धि का अनुमोदन आत्मा मार्गदर्शिका–2018 के पृष्ठ संख्या–15 में कंडिका 2.9 के आलोक में किया जाना है।

जिस पर बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा सहमति प्रदान की गई।

अन्त में उप परियोजना निदेशक, आत्मा के द्वारा धन्यवाद् ज्ञापन के उपरान्त बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

29.06.2024

सचिव, बाजार समिति, चतरा।

महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, चतरा।

अग्रणी जिला प्रबधक, बैंक ऑफ इण्डिया, चतरा।

29/6/2024

वरीय वैज्ञानिक–सह–प्रधान कृषि विज्ञान केन्द्र, चतरा।

29/06/24

जिला पशुपालन पदाधिकारी, चतरा।

29/06/2024

जिला उद्यान पदाधिकारी, चतरा।

29/06/24

जिला मत्स्य पदाधिकारी, चतरा।

29.06.24

परियोजना निदेशक, आत्मा चतरा।

29.06.2024

जिला कृषि पदाधिकारी, चतरा।

17.7.24

उप विकास आयुक्त–सह–उपाध्यक्ष आत्मा चतरा।

18/7/24

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, आत्मा चतरा।

ज्ञापांक ...610 चतरा / दिनांक ...20-07-2024

प्रतिलिपि :– 'आत्मा शासकीय निकाय' के सभी सदस्यों को सूचनार्थ प्रेषित।

29/06/24.

परियोजना निदेशक, आत्मा चतरा।

18/7/24

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, आत्मा चतरा।

ज्ञापांक ...610 चतरा / दिनांक ...20-07-2024

प्रतिलिपि :– निदेशक समेति, झारखण्ड रांची को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– संयुक्त कृषि निदेशक, उ0छो0प0, हजारीबाग को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– कृषि निदेशक–सह–राज्य नोडल पदाधिकारी, एक्सटेंशन रिफोर्म्स को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड को सूचनार्थ समर्पित।

29/06/24.

परियोजना निदेशक, आत्मा चतरा।

18/7/24

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, आत्मा चतरा।